कार्यालय महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक ,छत्तीसगढ़
Office of the Inspector General of Registration & Superintendent of Stamps, Chhattisgarh

द्वितीय तल, वाणिज्यिक कर विभाग–जी.एस.टी. भवन, नार्थ ब्लाक, सेक्टर19 , कैपिटल काम्प्लेक्स, नवा रायपुर अटलनगर, छ.ग.-492002
Phone:0771-2512180, Email: igreg@gov.in

2nd Floor, Commercial Tax Department - GST Bhawan, North Block, Sector-19, Capitol Complex, Atal Nagar Nava Raipur (C.G.) 492002, Phone : 2512180, Email: igreg@gov.in

क्रमांक –577 / तक–3 / 28 / 2018 नवा रायपुर, दिनांक : 17 / 03 / 2026

प्रति,

समस्त कलेक्टर
जिला ....
छत्तीसगढ़

विषय :– पंजीयन कार्यालयों में अवकाश के दिनों में पंजीयन कार्य चालू रखने बाबत्।

........00........

पंजीयन विभाग राज्य के लिए राजस्व संग्रहण करने वाला एक प्रमुख विभाग है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के अंतिम माह पूर्ण होने में कुछ दिवस ही शेष है। मार्च के माह में पक्षकारों द्वारा सर्वाधिक पंजीयन कराया जाता है। अतः नागरिकों की सुविधा एवं राजस्व संग्रहण को दृष्टिगत रखते हुए निम्न शासकीय अवकाश के दिनों में पंजीयन कार्यालय खोले जाकर पंजीयन कार्य संपादित कराया जाना है :–

1. दिनांक 22 मार्च 2026 – मार्च माह का चतुर्थ रविवार
2. दिनांक 28 मार्च 2026 – मार्च माह का अंतिम शनिवार
3. दिनांक 29 मार्च 2026 – मार्च माह का अंतिम रविवार
4. दिनांक 31 मार्च 2026 – महावीर जयंती

अतः उपरोक्त शासकीय अवकाश के दिनों में पंजीयन कार्यालय खोले जाने तथा बैंकों में 31 / 03 / 2026 तक शासकीय लेनदेन जारी रखने के लिए जिला पंजीयक, कोषालय अधिकारी एवं भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों को यथोचित निर्देश प्रसारित करने का कष्ट करें।

महानिरीक्षक पंजीयन
छत्तीसगढ़, रायपुर

पृ0क्रमांक–578 / तक.3 / 28 / 2018 नवा रायपुर, दिनांक : 17 / 03 / 2026

प्रतिलिपि – *सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु* –

1. **समस्त जिला पंजीयक,** जिला .... (छ.ग.) की ओर भेजकर लेख है कि उक्त अवकाश दिवस में अधीनस्थ उप पंजीयक कार्यालयों में नियमानुसार दस्तावेजों के पंजीयन की कार्यवाही तथा जन सामान्य में प्रचार–प्रसार भी सुनिश्चित करें।
2. प्रभारी अधिकारी, एनजीडीआरएस, एनआईसी–पुणे (महाराष्ट्र) की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. तकनीकी निर्देशक (आई.टी.), एन.आई.सी., छत्तीसगढ़, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. **समस्त उप पंजीयक** .... (छ.ग.)।
5. **एरिया मैनेजर, स्टॉक होल्डिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमि. रायपुर (छ.ग.)** की ओर ई–स्टाम्पों के प्रदाय की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु।
6. मुख्य परिचालन अधिकारी, बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड, मथुरा रोड, नई दिल्ली की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

महानिरीक्षक पंजीयन
छत्तीसगढ़, रायपुर